Regarding setting up of an IIT in Satna, MP-laid

श्री गणेश सिंह **(सतना) :** मेरा लोक सभा क्षेत्र सतना एक औद्योगिक जिला है, मेरे क्षेत्र से लगे विन्ध्य क्षेत्र, महाकौषल एवं बुन्देलखंड क्षेत्र में खनिज एवं मिनरल का प्रचुर भंडार है । भारतीय प्राद्योगिकी संस्थान (आई 0 आई 0 टी0) मध्यप्रदेश के मात्र इन्दौर जिले में है, जो कि पश्चिमी क्षेत्र में है तथा हमारे क्षेत्र से 800 किलोमीटर की दूरी पर है । हमारे क्षेत्र के युवाओं का कौशल विकास रूका हुआ है । जो आई 0 आई 0 टी0 के लिये मानदण्ड निर्धारित हैं, वह हमारे क्षेत्र में पूरी तरह से उसके अनुरूप है । पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में 2 आई 0 आई 0 टी0 है, जबकि मध्य प्रदेश में सिर्फ 1 है । मार्च 2020 तक देश में कुल 23 आई 0 आई 0 टी0 हैं । मेरे क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा की मांग है । आई 0 आई 0 टी0 आने से सामाजिक एवं आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा । मेरे क्षेत्र में बड़े सीमेंट उद्योग स्थापित हैं । मेरी केन्द्र सरकार से पुरजोर मांग है कि सतना में एक आई 0 आई 0 टी0 महाविद्यालय की स्थापना हेतु स्वीकृति दिलाने की कृपा करें ।